शोक प्रकाश

माननीय सदस्यगण,

विगत् सत्र से अब तक की अवधि में हमारे बीच से कई राजनेता, खिलाड़ी, समाजसेवी और आम नागरिक गुजर गए। इनमें से शरद यादव, हेमेन्द्र प्रताप देहाती, सिलविया बागे, पंडित केसरीनाथ त्रिपाठी, प्रोफेसर सिद्देश्वर प्रसाद, डॉ0 रामकृपाल सिन्हा, लोकनाथ प्रसाद, पेले एवं पोप बेनेडिक्ट 16 प्रमुख हैं।

7 बार लोकसभा तथा 4 बार राज्यसभा के सांसद एवं बिहार की सियासत के भीष्म पितामह कहे जाने वाले शरद यादव का निधन 12 जनवरी, 2023 को हो गया। जेपी आन्दोलन से राजनैतिक फलक पर आनेवाले स्वर्गीय यादव ने 1974 में जबलपुर से पहली बार लोकसभा उपचुनाव लड़ा। वे 1989-90 में केन्द्रीय कपड़ा और खाद्य प्रसंस्करण मंत्री, 1999-2001 में नागरिक उड्डयन मंत्री, 2001-2002 में श्रम मंत्री तथा 2002-2004 में केन्द्रीय उपभोक्ता मामले एवं खाद्य मंत्री रहे थे। इनका हमारे बीच से चला जाना हम सभी के लिए अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई संभव नहीं है।

पूर्व मंत्री एवं समाजवादी नेता लाल हेमेन्द्र प्रताप देहाती का दिनांक 7 जनवरी, 2023 को निधन हो गया। स्वर्गीय देहाती वर्ष 1969 में भवनाथपुर विधान सभा सीट से पहली बार विधायक बने थे। वर्ष 2008 में वे स्वास्थ्य मंत्री बने और आजीवन कनहर सिंचाई परियोजना को लेकर संघर्षरत रहे। उनके निधन से हमने एक सहज, सरल व संघर्षशील नेता को अपने बीच से खो दिया है जिससे हम सभी मर्माहत हैं।

पूर्व विधान पार्षद एवं शिक्षाविद सिलविया बागे का निधन 31 दिसम्बर, 2022 को हो गया। वे वर्ष 1986 से 1998 तक 02 बार विधान पार्षद के रूप में रही थी। उनके निधन पर हम सभी मर्माहत हैं।

बिहार और पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल रहे पंडित केसरीनाथ त्रिपाठी का दिनांक 8 जनवरी, 2023 को निधन हो गया। वे 27 नवम्बर, 2014 से 15 अगस्त, 2015 और 20 जून, 2017 से 29 सितम्बर, 2017 तक बिहार के राज्यपाल के अतिरिक्त प्रभार के रूप में अपना कार्यभार संभाला था। स्वर्गीय त्रिपाठी का निधन अत्यंत दुखद है।

त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रोफेसर सिद्धेश्वर प्रसाद का दिनांक 22 जनवरी, 2023 को निधन हो गया। स्वर्गीय प्रसाद बिहार के नालंदा से तीन बार सांसद रहे। इनका हमारे बीच से चला जाना हम सभी के लिए अपूरणीय क्षति है।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ0 राम कृपाल सिन्हा का दिनांक 16 जनवरी, 2023 को निधन हो गया। स्वर्गीय सिन्हा तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के कार्यकाल में श्रम और संसदीय कार्य राज्य मंत्री थे। इनके निधन पर हम सभी मर्माहत हैं।

पटना हाईकोर्ट के सेवानिवृत न्यायाधीश एवं झारखण्ड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष जस्टिस लोकनाथ प्रसाद का दिनांक 4 जनवरी, 2023 को निधन हो गया।

आधुनिक इतिहास के सबसे महान और प्रसिद्ध फुटबॉलर ब्राजील के जादुई खिलाड़ी पेले का दिनांक 29 दिसम्बर, 2022 को निधन हो गया। उन्होंने अपने जीवन में विश्व रिकॉर्ड 1281 गोल किये और तीन बार विश्व कप में ब्राजील को जीत दिलाई। इस महान खिलाड़ी का निधन खेल जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

पोप बेनेडिक्ट-16 का दिनांक 31 दिसम्बर, 2022 को निधन हो गया। वे सदैव समाज सेवा को लेकर याद रखे जायेंगे।

राँची के प्रसिद्ध छायाकार कवल भाटिया जी का निधन अत्यंत दुखद है।

11 जनवरी, 2023 को जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में खाई में गिरने से तीन जवानों की शहीद होने की घटना, 15 जनवरी, 2023 को नेपाल के यात्री विमान दुर्घटना में 72 सवारों की हुई मौत की घटना, 27 जनवरी, 2023 को धनबाद के हाजरा अस्पताल में भीषण आग से हुई 7 लोगों की मौत की घटना तथा 28 जनवरी, 2023 को मध्य प्रदेश में भारतीय वायु सेना के एक पायलट के मौत की घटना एवं शनिवार यानि 25 फरवरी, 2023 को छत्तीसगढ़ में नक्सली मुठभेड़ में तीन जवानों के शहीद होने की घटना अत्यंत पीड़ादायक है।